भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4501**

**28 मार्च, 2023 को उत्तर के लिए नियत**

**"भारी उद्योगों का विकास"**

**4501. श्री जयदेव गल्ला:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में भारी उद्योगों के विकास के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाओं का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का निकट भविष्य में आंध्र प्रदेश में नई योजनाएं शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या वर्ष 2022-23 के बजटीय आवंटन में भारी उद्योगों के विकास के लिए आंध्र प्रदेश के लिए स्वीकृत धनराशि का पूर्ण रूप से उपयोग कर लिया गया है;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) वर्ष 2023-24 के बजटीय आवंटन में भारी उद्योगों के विकास के लिए महाराष्ट्र के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)**

(क) : उद्योग राज्य का विषय है, इसलिए भारी उद्योग मंत्रालय आंध्रप्रदेश राज्य सहित देश के किसी भी भाग में भारी उद्योगों के विकास संबंधी स्कीमों का कोई केंद्रीकृत डेटा नहीं रखता।

(ख) : भारी उद्योग मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) से (ङ) : उपर्युक्त (क) को देखते हुए, प्रश्न नहीं उठता।

***